**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED----------------------



# राजधानी की 80% इमारतें नहीं झेल पाएंगी भूकंप के तेज झटके

## 30-40 लाख इमारतों में से सिर्फ 4655 ही जांच के लिए चिह्नित

Sudama.Yadav@timesgroup.com


**मंगलवार** रात भूकंप के झटकों से दिल्ली-एनसीआर के लोग सहम गए थे। झटके के बाद ऊंची बिल्डिंगों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। जिन एजेंसियों पर बिल्डिंगों की जांच का जिम्मा है, उन एजेंसियों ने अभी करीब 30-40 लाख बिल्डिंगों में से सिर्फ 4655 बिल्डिंगों को जांच के लिए चिह्नित किया है। इनमें से भी सिर्फ 758 बिल्डिंगों का ही सेफ्टी ऑडिट हुआ है।

**दिल्ली में 80 फीसदी इमारतें तेज झटके नहीं सह सकतीं:** डीडीए के टाउन प्लैनर रहे ए.के. जैन के अनुसार एमसीडी हर साल खतरनाक बिल्डिंगों की जांच करती है। कुल 10 या 12 लाख बिल्डिंगों का ही सर्वे किया जाता है। जैन के अनुसार, जबकि दिल्ली में करीब 30-40 लाख बिल्डिंग्स हैं। इनमें से लगभग 80 प्रतिशत बिल्डिंग्स ऐसी हैं, जो भूकंप के तेज झटकों को सह नहीं सकतीं। भूकंप के लिहाज से दिल्ली सिस्मिक जोन-4 में पड़ता है, जो अतिसंवेदनशील कैटिगरी में आता है। ऐसे में एमसीडी या अन्य संबंधित एजेंसियों को हर बिल्डिंग का ही स्ट्रक्चर ऑडिट किया जाना चाहिए।

**एमसीडी ने जांच के बाद इनमें से 758 बिल्डिंग्स को रेट्रोफिटिंग के लिए कहा है**

**जांच के लिए सिर्फ 4655 बिल्डिंगों की पहचान:** एमसीडी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले ढाई-तीन सालों में दिल्ली की लाखों बिल्डिंगों में से सिर्फ 4655 बिल्डिंगों को स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट के लिए चिह्नित किया गया। सभी बिल्डिंग्स ओनर्स को स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट के लिए नोटिस जारी किया। लेकिन, सिर्फ 758 बिल्डिंगों का स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट कराया गया। इस दौरान एमसीडी ने 53 खतरनाक बिल्डिंगें गिरा दीं।





# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE



। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 12 नवंबर 2022 ----DATED----


# एयरपोर्ट पर अब नहीं भरेगा पानी!

## HC से दूर हुईं एयरपोर्ट ड्रेन का काम शुरू करने में आ रही बाधाएं

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**वन विभाग** से मंजूरी नहीं मिलने पर डीडीए एयरपोर्ट ड्रेन का काम शुरू करने के लिए कोर्ट पहुंच गया। इसके बाद इस प्रोजेक्ट को सभी तरह की मंजूरी मिल गई है। अब डीडीए ने प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू कर दिया है। इसके पूरा होने के बाद टर्मिनल-3 पर बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। साल दर साल मॉनसून के दौरान आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर जलभराव की तस्वीरें वायरल होती हैं और इससे राजधानी की किरकिरी होती है।

डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग की रुकावटों की वजह से इस प्रोजेक्ट में दो साल से अधिक की देरी हुई है। डीडीए ने फरवरी 2020 में ही इस प्रोजेक्ट के लिए 69.72 करोड़ रुपये का टेंडर कर दिया था। इसके बाद सर्वे आदि का काम पूरा करने के बाद डीडीए ने इस प्रोजेक्ट के लिए पेड़ों को काटने की मंजूरी मांगी। इसके लिए 2 नवंबर 2020 को आवेदन किया गया। डीडीए की तरफ से सभी औपचारिकताएं पूरी की गईं थीं, जिसमें क्षतिपूर्ति के तौर पर आर्थिक फंड, क्षतिपूर्ति पेड़ों के लिए जगह आदि शामिल थे। इसके बावजूद इस प्रोजेक्ट की फाइल को रोके रखा गया। बार-बार अपील के बावजूद जब सीएम की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला, तो एलजी ने डीडीए को हाई कोर्ट में पिटिशन डालने को कहा। हाई कोर्ट ने 26 जुलाई 2022 को इस प्रोजेक्ट के फेवर में डीडीए को मंजूरी दी और 1 अगस्त 2022 को सभी तरह की मंजूरी मिल गई।

FILE



जलभराव की ऐसी तस्वीरों से हुई थी किरकिरी

### प्रोजेक्ट साइट पर खुद LG दो बार कर चुके हैं निरीक्षण

**इस प्रोजेक्ट** की साइट पर एलजी वी. के. सक्सेना ने खुद दो बार निरीक्षण किया। दो दिन पूर्व 8 नवंबर को भी वह यहां पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनेज का काम जल्द पूरा करें। साथ ही सेक्टर-8 द्वारका में बरसाती नाले के संदर्भ में भी बदलाव करें। एलजी के दौरे के समय द्वारका सेक्टर-8 और आसपास के इलाकों के लोग उनसे मिले थे और लोगों ने बताया था कि हर साल एयरपोर्ट से आने वाला पानी उनके सेक्टरों में भर जाता है। एलजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट समय पर पूरा करें। यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी सेक्टर में पानी न भरे। अगले मॉनसून में लोगों को यह समस्या न आए।

डीडीए के अनुसार प्रोजेक्ट में हुई देरी की वजह से कीमतें काफी बढ़ी हैं और लोगों को भी काफी परेशानियां आई हैं। टी-3 पर जलभराव की वजह से फ्लाइटों की देरी, उन्हें डायवर्ट करना, रद्द करना पड़ा है। इसकी वजह से एविएशन कंपनियों को भी नुकसान हुआ है।


THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, NOVEMBER 12, 2022



# LG approves translocation of trees from IIT, slams govt for delay in clearing files

Atul.Mathur@timesgroup.com

**New Delhi:** Giving his approval to the proposal to fell and translocate 157 trees to pave way for the construction of a new engineering block and a mini academic complex at IIT-Delhi, lieutenant governor **VK Saxena** has expressed his displeasure over a delay of 26 months by Delhi government in putting up the proposal before him.

In his observation on the file, Saxena said the proposal had been pending before the environment department since June 2020 and it took "several verbal requests" and two letters to the chief minister to finally move the file.

"It is unfathomable as to why a step by an Institution of Excellence, aiming at augmenting and enhancing its academic capacity in line with the national goals, set and agreed by all, has been delayed for 2 years and 4 months," a source quoted the LG as noting on the file. "The department of environment inordinately took as long as one year just to conduct a joint inspection of the site," the source added.



Sources said the LG also added that "unexplained and inordinate delay" took place despite all statutory prerequisites, including the provision of land by DDA for compensatory afforestation, had been put in place much in advance.

"The LG has asked the CM to ensure that responsibility is fixed at the appropriate levels for such delays and the pending cases are expedited in the interest of good governance and larger national interest."

No immediate reaction was available from the AAP government.

CM Arvind Kejriwal gave his go-ahead to the project on October 21.

According to officials, all infrastructure projects, especially the ones requiring felling and transplantation of trees, are first referred to the State Environment Impact Assessment Authority. Once approved by the authority, the file is sent to the minister of environment and forest of the Delhi government. After the file is cleared by the environment department, it goes to the CM's office and subsequently put up before the LG for final approval.

Sources said the LG had written to Kejriwal twice this year – on August 17 and September 30 – about 15 infrastructure projects, including the construction of metro corridors, government employee housing, redevelopment of AIIMS and a drain at IGI Airport, which were stuck due to alleged delay in granting permission by the department of environment of forest. Several such projects have been cleared since then, sources said.

"Such inordinate, insensitive and whimsical delays not only push back plans and projects of critical importance but also result in unjustifiable cost overruns," the LG further noted on the file, adding that despite his communications, seven projects of "critical national importance" were still pending with the environment minister.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

SUNDAY TIMES OF INDIA, NEW DELHI
NOVEMBER 13, 2022

NAME OF NEWSPAPERS-----------------------------------------DATED----------------------

# Rich or poor, encroachment is the common woe here

Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** Having a mix of upscale, middle-class and low-profile/unauthorised colonies with different issues, the Kalkaji assembly constituency in south Delhi shares one common problem — encroachment. Most pavements, central verges and roadsides in its three wards — Kalkaji, Sriniwaspuri and Govindpuri — are taken over by encroachers and the problem seems to have no solution. Internal lanes at markets as well as busy stretches like Dhir Sen and Captain Gaur Marg in East of Kailash, Guru Ravidas Marg between Kalkaji and Govindpuri, CV Raman Marg near Maharani Bagh — all portray the same picture. The ongoing construction work on major roads, including Ring Road (Ashram), has only added to the woes, alleged residents.

"It is impossible to cross the market on Malik Ram Essar Marg without getting stuck for 15-25 minutes in the afternoon and evening. The entire stretch is heavily commercialised, and besides shopkeepers, customers also leave their vehicles by the road. A multilevel parking is around one kilometre away, but people prefer not to walk," said Vishal Khanna, president of traders' association, Kalkaji.

"Two-third of the road is taken over by e-rickshaws, vendors, gramin sewas, transport vehicles," he alleged, adding that they had even requested to stop DTC services on this route to tackle congestion.

Except for improvement in supply of Ganga water two years ago, the residents of Kalkaji ward can hardly recall any key civic work in the last five years. "The internal roads were last carpeted before the civic elections in 2017, and since then, even repair work has not been undertaken. Pruning of trees is also overdue," said Kamal Arora, president of J and N block RWA. "We have been keeping a regular watch on garbage lifting and sweeping, but the drainage system and encroachments are still major problems," Arora added.

Former councillor Manpreet Kaur was not available for comment.

Lack of sanitation is a key issue on the internal roads of Govindpuri, which mainly consists of jhuggi clusters. Even after delimitation, the Kalkaji assembly constituency hasn't seen major change in population distribution.

A few kilometres from Kalkaji, in B Block East of Kailash under Sriniwaspuri ward, residents are satisfied with the quality of roads, sanitation, cleaning and some other work done by the former councillor. But due to the multiplicity of agencies, the progress on some other issues is zero, they alleged. "He is accessible and hears our issues patiently. We have got a dispensary/physiotherapy centre, funds for a senior citizens' centre after a long wait, and a *barat ghar*," said Naveen Arora, a resident.

However, more vendors and illegal parking on roads, overflowing of sewer lines at certain points, and stray dogs and monkeys call for joint efforts by civic bodies, said JS Marwah, general secretary of C & G blocks, DDA flats, East of Kailash. "The veterinary department claims to be catching dogs, but expresses helplessness in case of monkeys. The forest department should catch them," said Pawan Sharma, another resident.

Just next to this upscale colony is the urbanised village, Garhi. Its increasing commercialisation and rampant construction of multiple floors are affecting the neighbouring colonies. "Most of the floors are rented out and people living here often park vehicles on the roads connecting to East of Kailash as the narrow lanes of Garhi can't accommodate so many vehicles," said Mukesh Goel, chairman of Garhi Market Association.

Sriniwaspuri's former councillor, Rajpal Singh, agreed that encroachment and illegal parking in the area needed to be addressed. "A provision for parking near ISKCON temple has been done, but that is not sufficient. I had raised the matter, but nothing happened," he said. But two multilevel parking lots were sanctioned recently at Sriniwaspuri DDA flats and Sukhdev Vihar. "Now that the Centre is expected to release funds under various heads to the unified MCD, we hope to implement these projects as soon as we win the elections," said Singh.

He added that upscale colonies located next to Ring Road, such as Maharani Bagh and New Friends Colony, were badly affected by air pollution, especially due to constant construction work around the area. "We have written to the LG and the Delhi government for certain help like installation of smog towers," he said.

Singh claimed that the jhuggis of Sriniwaspuri had been added under the Centre's Jahan Jhuggi Wahan Makan scheme and residents won't have to shift to Narela.

## KALKAJI | KNOW YOUR WARD

Photos: Tarun Rawat






**Kalkaji**



Former councillor **Manpreet Kaur** (BJP)

Total population 70,489

**Sriniwaspuri**



Former councillor **Rajpal Singh** (BJP)

Total population 45,038

**Govindpuri**



Former councillor **Chandra Prakash** (Cong)

Total population 74,610

### CLASS COMPOSITION

**MIX POPULATION** | While areas like Sriniwaspuri and Govindpuri have jhuggi clusters, Maharani Bagh and Friends Colony are upscale colonies of Delhi

### MAJOR ISSUES

- Frequent congestions due to major encroachment on roads in all three wards
- Increasing commercialisation in planned, unplanned and village areas requires better civic facilities
- Pruning of trees needed; monkey and stray dog menace to be addressed properly
- No proper streetlights at central verges, especially on major arterial roads
- Maintenance of parks and green patches getting compromised due to shortage of funds



"The municipal corporation is making efforts to collect garbage through tippers regularly, but unless segregation at source happens, desired results won't be achieved. The concessionaires get revenue for the amount of waste that is transported to landfills. So, they won't insist upon segregation. Unfortunately, at a point of time when other cities are earning from garbage, we are losing crores and unable to even process it completely. Unless waste collectors are made a part of the system and source segregation is done, the situation won't improve

—WING COMMANDER (RETD) JASBIR CHADDHA | PRESIDENT, FEDERATION OF SENIOR CITIZENS, EAST OF KAILASH



"Congestion on roads is a perpetual issue. While the traffic police claimed to have one towing vehicle for the area to lift vehicles, the civic body is taking no action to resolve the issue despite our repeated complaints in the last five years. We also demanded better lights, but nothing happened

—SANJAY KHURANA | G-BLOCK, KALKAJI



"Our colony is next to Garhi village where most houses have been converted into builder floors and given on rent. Since the lanes here are too narrow, people often leave their vehicles at our connecting roads, causing congestion and traffic jams. The MCD must look for alternative solutions

—BALWINDER SINGH | FOUR-STOREY DDA FLATS, GARHI

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI · 13 नवम्बर, 2022 ▸ रविवार

# एलजी ने दी 157 पेड़ों को काटने और स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने आइआइटी-दिल्ली में एक नए इंजीनियरिंग ब्लॉक और एक मिनी अकादमिक परिसर के निर्माण के लिए 157 पेड़ों को काटने और स्थानांतरित करने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने इस योजना को लेकर हुई 26 महीने की देरी पर नाराजगी व्यक्त की है। फाइल पर अपने अवलोकन में सक्सेना ने कहा कि प्रस्ताव जून 2020 से पर्यावरण विभाग के समक्ष लंबित था। इसे लेकर सरकार से कई मौखिक अनुरोध किए गए थे और मुख्यमंत्री को अंततः फाइल को स्थानांतरित करने के लिए उनकी ओर से दो पत्र भी भेजे गए। एक सूत्र ने बताया कि एलजी ने फाइल पर लिखा है कि यह समझ से परे है कि राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप अपनी शैक्षणिक क्षमता को बढ़ाने के लिए संस्थान के इस कार्य को दो साल और चार महीने के लिए क्यों विलंबित किया गया है। पर्यावरण विभाग ने साइट का संयुक्त निरीक्षण करने के लिए एक वर्ष तक का समय लगा दिया।

सूत्रों के अनुसार एलजी ने अपनी नोटिंग में यह भी कहा कि डीडीए द्वारा काटे जाने वाले के लिए लगाए जाने वाले पेड़ों के लिए भूमि समय पर उपलब्ध करा दी, इसके बावजूद इस मामले में अत्यधिक देरी हुई है। एलजी ने सीएम से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि इस तरह की देरी के लिए उचित स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाए और लंबित मामलों को सुशासन और बड़े राष्ट्रीय हित में तेजी से बढ़ाया जाए। सीएम ने 21 अक्टूबर को इस परियोजना को हरी झंडी दे दी थी। अधिकारियों के अनुसार सभी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, विशेष रूप से पेड़ों की कटाई और उनके स्थानांतरण की आवश्यकता वाले मामलों को पहले राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण के पास भेजा जाता है, जो प्रस्ताव की बारीकी से जांच करता है। प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित होने के बाद, फाइल दिल्ली के पर्यावरण और वन मंत्री को भेजी जाती है। पर्यावरण विभाग द्वारा फाइल को मंजूरी मिलने के बाद यह सीएम कार्यालय में जाती है और बाद में अंतिम मंजूरी के लिए एलजी के सामने पेश की जाती है। सूत्रों ने कहा कि एलजी ने सीएम को इस साल दो बार 17 अगस्त और 30 सितंबर को मेट्रो कारिडोर के निर्माण, सरकारी कर्मचारी आवास, एम्स के पुनर्विकास और आइजीआइ हवाई अड्डे पर एक नाले सहित लगभग 15 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में लिखा था।

**खास बातें...**



- आईआईटी-दिल्ली में नए इंजीनियरिंग ब्लॉक और अकादमिक परिसर के निर्माण से संबंधित है प्रस्ताव